CHAHAL ACADEMY
LEARN TODAY! LEAD TOMORROW!
96259-93995

SKYC–B–ECON

अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र–II)

निर्धारित समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द-सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है।

जहाँ आवश्यक हो, आलेख/चित्र उत्तर के लिए दिए गए स्थान में ही दर्शाइए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा नहीं गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

ECONOMICS (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Graphs/Illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में लिखिए :
Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) भारत में लम्बे समय तक गरीबी तथा धीमी संवृद्धि के लिए ब्रिटिश काल की भूमि व्यवस्था उत्तरदायी थी। टिप्पणी कीजिए।

Land system during the British rule was responsible for sustained poverty and stagnant growth in India. Comment.

(b) वी० के० आर० वी० राव ने भारत में अपने से पूर्व के राष्ट्रीय आय प्राक्कलनों में किस प्रकार सुधार किया था?

How did V. K. R. V. Rao improve upon the earlier national income estimates of India?

(c) कृषि-क्षेत्र में उत्पादन तथा उत्पादकता पर हरित क्रान्ति के प्रभावों का परीक्षण कीजिए।

Examine the impacts of Green Revolution on production and productivity in the agriculture sector.

(d) वर्ष 1965–80 की अवधि में अवमन्दन एवं संरचनात्मक प्रतिगमनता भारतीय औद्योगिक क्षेत्र की प्रमुख विशेषताएँ रही हैं। कारण बताइए।

Deceleration and structural retrogression have been the key features of industrial sector in India during 1965–80. Give reasons.

(e) 1960 एवं 1970 के दशकों की तुलना में 1980 के दशक में, राष्ट्रीय आय में त्वरित वृद्धि के उत्तरदायी कारकों का परीक्षण कीजिए।

Examine the factors responsible for acceleration in the growth of national income in the decade of 1980s as against 1960s and 1970s.

2. *(a)* भारत में स्वतन्त्रता-पूर्व मुद्रा तथा साख नीतियों की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

Explain the main features of money and credit policies in India during the pre-Independence era. 20

(b) वे कौन-से कारक हैं जिन्होंने आर्थिक सुधार-पूर्व की अवधि में, भारत के सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जी० एन० पी०) के क्षेत्रीय संघटकों में परिवर्तन में योगदान दिया है? विवेचना कीजिए।

What are the factors contributing towards shift in sectoral composition in Gross National Product (GNP) in India during the pre-economic reform period? Discuss. 15

(c) भारत में आर्थिक सुधारों के पश्चात् की अवधि में, कृषि-वृद्धि में अवमन्दन के प्रमुख कारणों की व्याख्या कीजिए।

Explain the main reasons for deceleration in agricultural growth in India during the post-economic reform period. 15

3. *(a)* भारत में आर्थिक नियोजन एवं विकास के सन्दर्भ में, डी० आर० गाडगिल की भूमिका की विवेचना कीजिए।

Discuss the role of D. R. Gadgil in economic planning and development in India. 20

(b) भारतीय अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका को समझाइए। 1970–1980 के मध्य सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को भी चिह्नांकित कीजिए।

Explain the role of public sector in the Indian economy. Also point out its main problems faced during the period between 1970 to 1980. 15

(c) भारत में कृषि जोत-सीमा की अवधारणा को समझाइए। समता एवं कार्य-कुशलता के सन्दर्भ में, इसकी तर्कसंगतता का परीक्षण कीजिए।

Explain the concept of ceiling on agricultural landholding in India. Examine its rationality with respect to equity and efficiency. 15

4. *(a)* भारत में आय वितरण में असमानता के प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए तथा परीक्षण कीजिए कि किस तरह यह समाज के कल्याण को प्रभावित करता है।

Explain the main causes of inequality in income distribution in India and examine how it affects welfare of the society. 20

(b) आर्थिक सुधारों की पूर्व अवधि में, भारत में राष्ट्रीय आय के स्वरूप तथा प्रवृत्तियों की व्याख्या कीजिए।

Describe the pattern and trends in national income in India during the pre-economic reform period. 15

(c) भारत में स्वतन्त्रता-पूर्व कपड़ा उद्योग के विकास का विवरण दीजिए। इस दौरान इसके विकास में आने वाली बाधाओं को भी चिह्नांकित कीजिए।

Explain the development of cotton industry in India during pre-Independence era. Also point out its growth constraints. 15

खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में लिखिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) सुव्यक्त एवं अंतर्निहित अनुदानों में अन्तर कीजिए। भारत में आर्थिक सुधारोपरान्त की अवधि में, सिंचाई एवं उर्वरक से जुड़े सुव्यक्त अनुदानों में प्रवृत्तियों की व्याख्या कीजिए।

Distinguish between explicit and implicit subsidies. Explain the trends in explicit subsidies on irrigation and fertilizer in India during post-economic reform period.

(b) विनिवेश कार्य योजना, 2009 की मुख्य विशेषताओं का परीक्षण कीजिए।

Examine the salient features of the Action Plan for Disinvestment, 2009.

(c) संघीय ढाँचे में क्षैतिज राजकोषीय असंतुलन से आप क्या समझते हैं और भारत में इस असंतुलन को बारहवें वित्त आयोग ने कैसे दूर किया?

What do you mean by horizontal fiscal disequilibrium in a federal setup and how did the XIIth Finance Commission correct such imbalance in India?

(d) दर्शाइए कि किस तरह भारत में अल्प काल में बाजार-उच्चावचनों को नियन्त्रित करने हेतु तरलता समायोजन सुविधा (एल० ए० एफ०) एक प्रभावी मौद्रिक नीति के रूप में उभरी है।

Show how Liquidity Adjustment Facility (LAF) in India emerged as an effective monetary policy instrument to control market fluctuations in the short run.

(e) भारत में गरीबी निवारण के सन्दर्भ में, सार्वभौमिक बुनियादी आय की प्रभावशीलता का परीक्षण कीजिए।

Examine the effectiveness of universal basic income as an approach to poverty alleviation in India.

6. (a) गैट के उरुग्वे दौर के तहत, कृषि-आधारित समझौते (ए० ओ० ए०) की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए तथा भारतीय कृषि पर पड़ने वाले इसके प्रभावों का परीक्षण कीजिए।

Discuss the characteristic features of Agreement on Agriculture (AOA) under Uruguay Round of GATT and examine its impact on Indian agriculture. 20

(b) भारत में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टी० पी० डी० एस०) की प्रमुख विशेषताओं को बताइए। क्या आपको विश्वास है कि टी० पी० डी० एस० ने निहित उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है? अपने उत्तर को उचित सिद्ध कीजिए।

State the key features of the Targeted Public Distribution System (TPDS) in India. Do you believe that TPDS has been successful in achieving its objectives? Justify your answer. 15

(c) भारत में विदेशी विनिमय प्रबन्धन कानून (फेमा), 1999 की प्रमुख विशेषताओं को लिखिए। विदेशी विनिमय विनियमन कानून (फेरा), 1979 से यह किस प्रकार भिन्न है?

State the salient features of the Foreign Exchange Management Act (FEMA), 1999 in India. To what extent it deviates from the Foreign Exchange Regulation Act (FERA), 1979? 15

7. (a) आर्थिक उदारीकरण के पश्चात् की अवधि में, भारत के विदेशी व्यापार में वृद्धि तथा संरचना को संक्षेप में समझाइए।

Briefly explain the growth and structure of India's foreign trade in the post-liberalization period. 20

(b) भारत के विदेशी व्यापार के प्रोत्साहन में विशेष आर्थिक क्षेत्रों (सेज) के योगदान का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Critically examine the contribution of Special Economic Zones (SEZs) in promoting foreign trade in India. 15

(c) भारत की नवीन विदेश व्यापार नीति, 2023 की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

Discuss the salient features of India's New Foreign Trade Policy, 2023. 15

8. (a) 73वें तथा 74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 के प्रमुख प्रावधानों को बताइए। क्या आप सहमत हैं कि इस अधिनियम के द्वारा भारत में लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया गया है? अपने उत्तर का औचित्य दीजिए।

State the main provisions of the 73rd and 74th Constitutional Amendment Act, 1992. Do you agree that this Act has been successful in promoting the democratic decentralization in India? Justify your answer. 20

(b) आर्थिक सुधारों के उपरान्त की अवधि में, भारत में रोजगार में धीमी वृद्धि हेतु उत्तरदायी कारकों की व्याख्या कीजिए।

Explain the reasons for sluggish growth in employment in India during the post-economic reform period. 15

(c) आर्थिक सुधारों के उपरान्त की अवधि में, भारत में मजदूरी संरचना में हुए परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए।

Explain the changes in wage structure in India in the post-economic reform period. 15

★★★